उत्तर प्रदेश सरकार

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड

19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,

लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

सूचना / विज्ञप्ति

आरक्षी नागरिक पुलिस एवं आरक्षी पी0ए0सी0 के पदों पर सीधी भर्ती–2018 की प्रक्रिया के अन्तर्गत अब तक सम्पन्न अभिलेखो की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण तथा शारीरिक दक्षता परीक्षा के उपरान्त महिलाओं की कुल रिक्तियों की संख्या के दृष्टिगत पर्याप्त संख्या में महिला अभ्यर्थी उपलब्ध न हो पाने के कारण लिखित परीक्षा में सफल शेष महिला अभ्यर्थियों में से मेरिट के आधार पर अतिरिक्त महिला अभ्यर्थियों को अभिलेखो की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण की कार्यवाही में सम्मिलित होने वाली महिला अभ्यर्थियों की सूची

संख्या: पीआरपीबी–एक–1(140) / 2018 दिनांक: जनवरी 18 ,2019

आरक्षी नागरिक पुलिस एवं आरक्षी पी0ए0सी0 के पदों पर सीधी भर्ती–2018 की प्रक्रिया के अन्तर्गत अब तक सम्पन्न अभिलेखो की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण तथा शारीरिक दक्षता परीक्षा के उपरान्त महिलाओं की कुल रिक्तियों की संख्या के दृष्टिगत पर्याप्त संख्या में महिला अभ्यर्थी उपलब्ध न हो पाने के कारण लिखित परीक्षा में सफल शेष महिला अभ्यर्थियों में से मेरिट के आधार पर अतिरिक्त महिला अभ्यर्थियों को अभिलेखो की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण की कार्यवाही में सम्मिलित किये जाने हेतु महिला अभ्यर्थियों की सूची प्रदर्शित की जा रही है।

2– उक्त महिला अभ्यर्थियों की **डीवी / पीएसटी की कार्यवाही दिनांक 20–01–2019** एवं **21–01–2019** को निम्नांकित जनपद के परीक्षण केन्द्रों पर सम्पादित किया जाना प्रस्तावित है :–

क्र0सं0	जनपद का नाम	परीक्षण केन्द्र
1–	आगरा	रिजर्व पुलिस लाइन, आगरा
2–	बरेली	रिजर्व पुलिस लाइन, बरेली
3–	लखनऊ	35वीं वाहिनी पीएसी, लखनऊ
4–	कानपुर नगर	रिजर्व पुलिस लाइन, कानपुर नगर
5–	मेरठ	रिजर्व पुलिस लाइन, मेरठ

3– उक्त डीवी / पीएसटी के अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र दिनांक 19–01–2019 से बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in पर उपलब्ध होंगे, जिन्हें अभ्यर्थी डाउनलोड कर प्रवेश–पत्र एवं फोटो युक्त पहचान पत्र तथा डीवी / पीएसटी हेतु आवश्यक समस्त अभिलेखों की मूलप्रति एवं प्रमाणित छाया प्रति के साथ प्रवेश–पत्र में अंकित परीक्षण केन्द्र पर निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

4– उक्त डीवी / पीएसटी में सफल अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा दिनांक **21–01–2019 एवं 22–01–2019 को 35वीं वाहिनी पीएसी, लखनऊ** एवं **छठी वाहिनी पीएसी, मेरठ** के परीक्षा केन्द्रों पर सम्पादित किया जाना प्रस्तावित है।

5– सम्बन्धित अभ्यर्थियो से अपेक्षा की जाती है कि वह नियमित रूप से बोर्ड की वेबसाइट एवं अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर पर उपरोक्त सम्बन्ध में प्राप्त होने वाले एस.एम.एस. अवलोकित करते हुये निर्धारित तिथि व स्थान पर पहुँच कर प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

18/1/19

अपर सचिव, भर्ती

उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,

लखनऊ।